(ग) 1991-92 तथा 1992-93 के वर्षों के दौरान इन केन्द्रों को कुल कितनी धनराशि आवंटित की गई है ?

**मानव संसाधन विकास मंत्रालय (युवा कार्यक्रम और खेल विभाग) में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (श्री मुकुल वासनिक)** (क) उत्तर प्रदेश में नेहरू युवा केन्द्रों की संख्या 58 हैं।

(ख) नेहरू युवा केन्द्रों की स्थापना निम्नलिखित उद्देश्यों की पूर्ति के लिये हुई है:-

(i) संरक्षण और पुनसृजन द्वारा सौहार्दपूर्ण सहभागिता के जरिये युवाओं का आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षिक तथा व्यक्तित्व संबंधी विकास।

(ii) गैर-छात्र युवाओं को सामाजिक बुराइयों, महिलाओं पर अत्याचार, मद्यपान, नशाखोरी आदि के विरूद्ध लड़ने के लिये तैयार करना।

(iii) ब्लाक और जिला स्तर पर युवा क्लबों का आयोजन, सामुदायिक कार्य शिविरों के लिये समूह कार्यकलाप, प्रजातंत्र नेतृत्व का विकास तथा उनम भावात्मक सहभागिता तथा राष्ट्रीय पहचान की भावना पैदा करना।

(iv) गैर छात्र युवा की विशाल असंगठित शक्ति को संगठित करना ताकि उनकी शक्ति और वैयक्तित्व को समाज के लाभ के लिये प्रयोग किया जा सके और उन्हें कार्यात्मक तौर पर कुशल, आर्थिक तौर पर उत्पादी और आध्यात्मक व चरित्र के प्रति जागरूक नागरिक बनाया जा सके।

(ग) वर्ष 1991-92 तथा 1992-93 के दौरान उत्तर प्रदश में स्थिति नेहरू युवा केन्द्रों को निम्नलिखित धनराशि दी गई थी।

| वर्ष | दी गई धनराशि |
|---|---|
| | रुपये |
| 1991-92 | 73,07,475.00 |
| 1992-93 (फरवरी 1993 तक) | 90,33,510.00 |

**Action Plan to Stop Voilence against Women**

@582. SHRI BISHAMBHAR NATH PANDE: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Government have prepared an action plan to stop the rising incidence of violence against women; and

(b) if so, what are the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPARTMENT OF WOMEN AND CHILD DEVELOPMENT (SHRIMATI BASAVA RAJESHWARI): No, Sir.

(b) Does not arise.

**उत्तर प्रदेश में प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम की प्रगति का असंतोषजनक होना**

583. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्तर प्रदेश में प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम की प्रगति असंतोषजनक है ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या हैं और इसके क्या कारण हैं; और

@Previously Unstarred Question 284, transferred from 24-2-1993.